नई दिल्ली, शुक्रवार
28 सितंबर 2018
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+6=26

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

कॉल ड्रॉप के खिलाफ दिल्ली में छिड़ेगा अभियान 12
आज खिताबी जीत के लिए उतरेगी रोहित की सेना 16

गौर सिटी में लांच हुआ साइकिल एप

गौर सिटी सोसायटी में स्टैंड पर रखी एप पर आधरित साइकिल • जागरण

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी में बृहस्पतिवार को मोबिसी बाइसाइकिल एप्लीकेशन लांच किया गया। इससे गौड़ सिटी में रहने वाले लोग अब आवागमन के लिए किराए पर साइकिल ले सकेंगे। साथ ही गौड़ सिटी के अंदर साइकिलिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा और 237 एकड़ परिसर में मोबीसी की डॉकलेस साइकिल उपलब्ध कराई जाएंगी। गौड़ सिटी के लोग इन साइकिल का प्रयोग सिटी के अंदर आवागमन के लिए कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें एक निश्चित किराया देना होगा, जो वह एप्लीकेशन या अन्य भुगतान एप के माध्यम से कर सकेंगे। इससे स्थानीय लोगों को सामन्य कामकाज के लिए गौड़ सिटी के अंदर आने जाने में मदद मिलेगी और उन्हें अपना साधन नहीं प्रयोग करना पड़ेगा। गौड़ सिटी निवासी मोबिसी ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर कोड स्कैन करके साइकिल लॉक को अनलॉक करके इसे किराए पर ले सकते हैं। प्रयोग करने के बाद गेटेड कॉलोनियों को छोड़कर साइकिल को सार्वजनिक फुटपाथ पर कहीं भी पार्क किया जा सकेगा।